# हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा में 5 अक्तूबर को होने वाले **विधानसभा** चुनाव से पहले गुड़गाँव में हाल ही में आयोजित एक रैली में केंद्रीय मंत्री ने प्रमुख बुनियादी ढाँचागत परियोजनाओं पर प्रकाश डाला और वर्ष 2024 तक हरियाणा में बनने वाले **राष्ट्रीय राजमार्गों** की तुलना अमेरिका से की।

## मुख्य बिंदु

- **वर्तमान एवं आगामी परियोजनाएँ :**
  - **सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने** हरियाणा में **2 लाख करोड़ रुपए** की परियोजनाएँ पूरी की हैं या शुरू की हैं , जिनमें शामिल हैं:
    - द्वारका एक्सप्रेसवे
    - गुड़गाँव-रेवाड़ी राजमार्ग
    - मुंबई एक्सप्रेसवे
  - गुड़गाँव और रेवाड़ी के लिये **9 फुट-ओवरब्रिजों** के लिये निविदाएँ अक्तूबर में जारी की जाएंगी और **4 नए फ्लाईओवरों** पर काम दो महीने के भीतर शुरू हो जाएगा।
- **सोनीपत से जींद 352A राष्ट्रीय राजमार्ग:**
  - यह राजमार्ग **सोनीपत और जींद** के बीच यात्रा को आसान बनाएगा। इसकी कुल लंबाई 80 किलोमीटर है, जिसे दो खंडों में विभाजित किया गया है: **सोनीपत-गोहाना** और **गोहाना-जींद**।
- **जींद-पानीपत राज्य राजमार्ग:**
  - हरियाणा सरकार **केंद्रीय सड़क निधि योजना** के तहत इस राजमार्ग पर **170 करोड़ रुपए** व्यय कर रही है। इससे जींद और पानीपत के बीच यात्रा करने वाले यात्री लाभान्वित होंगे।
- **152D राष्ट्रीय राजमार्ग:**
  - जब राजमार्ग का निर्माण पूरा हो जाएगा तो **जींद से अंबाला और चंडीगढ़** तक पहुँचने में तीन या चार घंटे की बजाय दो घंटे लगेंगे तथा इससे दिल्ली एवं राजस्थान से भी संपर्क बेहतर होगा।
- **रोहतक-जींद और नरवाना राष्ट्रीय राजमार्ग 352:**
  - यह राजमार्ग, जो अब पूरा हो चुका है, **जींद से रोहतक, दिल्ली और पंजाब** तक की यात्रा को सरल बनाता है।
- **पानीपत-डबवाली राष्ट्रीय राजमार्ग:**
  - यह आगामी परियोजना करनाल, जींद, पानीपत, फतेहाबाद और सिरसा को जोड़ेगी, जिससे जींद से सिरसा तक यात्रा सरल हो जाएगी।
- **जम्मू-कटरा और दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग:**
  - वर्तमान में NHAI द्वारा निर्माणाधीन यह राजमार्ग जींद के पिल्लूखेड़ा से होकर गुज़रेगा, जिससे जम्मू, दिल्ली और जींद के बीच संपर्क बढ़ेगा और आसपास के क्षेत्रों में यातायात कम होगा।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India- NHAI)

- इसकी स्थापना **NHAI अधिनियम, 1988** के तहत की गई थी। यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।
- इसे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के साथ-साथ विकास, रखरखाव और प्रबंधन के लिये अन्य छोटी परियोजनाओं का कार्य भी सौंपा गया है।
- **राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (National Highways Development Project- NHDP)** भारत में प्रमुख राजमार्गों को उच्च स्तर तक उन्नत, पुनर्वासित और चौड़ा करने की एक परियोजना है। यह परियोजना वर्ष 1998 में शुरू की गई थी।
- NHAI **राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक मानकों** और लागत प्रभावी तरीके से बनाए रखता है तथा लोगों की आर्थिक भलाई तथा जीवन की गुणवत्ता को बढ़ावा देता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-highway-projects-in-haryana-1